# रीवा-मऊगंज में नहीं थम रहा अवैध खनन और परिवहन का खेल

## मऊगंज में एक ट्रक अवैध गिट्टी के साथ जब्त, रीवा में नहीं होती कार्यवाही, दलाल सक्रिय



नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 फरवरी, रीवा एवं मऊगंज में खनिज का अवैध उत्खनन और परिवहन बगैर रोक-टोक के जारी है. खनिज माफिया एक ओर जहा अवैध तरीके से पत्थर-पटिया का उत्खनन कर रहे है वही दूसरी तरफ टमस और बेलन नदी से रेत का खनन अवैध किया जा रहा है.**

गिट्टी के अवैध परिवहन से शासन के राजस्व का नुकसान हो रहा है. बगैर टीपी के प्रतिदिन सैकड़ो ट्रक गिट्टी का अवैध परिवहन जिले के बाहर होता है. मऊगंज में खनिज विभाग धरपकड़ को लेकर सक्रिय हुआ है लेकिन रीवा में खनिज विभाग के अधिकारी सो रहे है. या दूसरे शब्दो में कहे कार्यवाही नही करना चाहते है. राजस्व लक्ष्य से रीवा पीछे है बावजूद इसके अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर कार्यवाही नही हो रही है. लगातार शिकायत के बाद नौवस्ता क्षेत्र में खनिज एवं पर्यावरण विभाग की टीम जांच करने पहुंची थी जहा अवैध खनिज का भंडारण पाया गया था. अगर कार्यवाही की जाय तो प्रतिदिन कई वाहन अवैध परिवहन करते मिल सकते है पर रीवा में कोई कार्यवाही नही हो रही है. गिट्टी का अवैध परिवहन दलालो के माध्यम से होता है और खनिज कार्यालय से पूरी सेटिंग चलती है जिसके कारण अवैध परिवहन पर कार्यवाही नही होती है. मऊगंज में सहायक खनिज अधिकारी द्वारा वाहनो की चेकिंग कर गिट्टी का परिवहन करते हुए एक ट्रक को जप्त कर अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण निवारण नियम के तहत कार्यवाही की गई. मऊगंज में भी अवैध उत्खनन और परिवहन लम्बे समय से चल रहा है जिसकी शिकायत भी रीवा कमिश्नर से की गई और जांच के निर्देश दिये गये. शिकायत के बाद मऊगंज के अधिकारी सक्रिय हो गये है. लेकिन रीवा में पूरा खेल सेटिंग का चल रहा है. लिहाजा कार्यवाही के नाम पर केवल खानापूर्ति होती है. जुर्माना से राजस्व प्राप्त हो सकता है.

### कटनी-मैहर से आने वाली गिट्टी रीवा से गुजरती है

कटनी एवं मैहर जिले से आने वाली गिट्टी रीवा होकर यूपी-बिहार के लिये जाती है. बिना टीपी के अवैध गिट्टी का परिवहन होता है. खनिज से जुड़े सूत्रो की माने तो कई दलाल रीवा में सक्रिय है जो हिसाब किताब देखते है. खनिज कार्यालय में सेटिंग के कारण कटनी-मैहर से जो ट्रक गिट्टी लेकर रीवा होकर जाते है उस पर कार्यवाही नही होती. अलग-अलग दलाल सक्रिय है जो पूरा हिसाब-किताब रखते है.

# जो संपूर्ण समाज की पीड़ा को अनुभव करें वही सच्चा ब्राह्मण है : मलूक पीठाधीश्वर



नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 फरवरी, बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में स्थित श्री रेवासा धाम एवं श्री वृंदावन धाम के पावन सानिध्य में मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास महाराज द्वारा आयोजित गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती विषयक दिव्य कथा का तीसरा एवं अंतिम दिवस अत्यंत भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ.**

बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर कथा का श्रवण किये. तीन दिन तक कथा चली और भंडारे के साथ समापन हुआ. अपने अमृतमय प्रवचन में महाराज श्री ने शास्त्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पृथ्वी सात स्तंभों पर आधारित है. प्रथम स्तंभ गौ माता हैं, द्वितीय ब्राह्मण, तृतीय वेद, चतुर्थ सती-सावित्री पतिवृता नारियां, पंचम सत्यवादी पुरुष, षष्ठम लोभरहित पुरुष और सप्तम दानशील पुरुष. इन सातों तत्वों के संरक्षण से ही समाज और सृष्टि का संतुलन बना रहता है. चित्रकूट के संत शिरोमणि संकादिक महाराज भी गोकथा में शामिल हुए. मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज की उपस्थिति में बसामन मामा गौधाम परिसर में ऋषिकुलम आवास गृह का भूमिपूजन किया एवं पीपल का वृक्षारोपण किया. महाराज श्री ने कहा कि युग निर्माता ब्राह्मण होता है जो संपूर्ण समाज की पीड़ा को अनुभव करे, वही सच्चा ब्राह्मण है. धर्माचरण से ही अर्थ और काम रूपी पुरुषार्थ की सिद्धि संभव है. जब अर्थ की प्राप्ति धर्म के अनुशासन और नियंत्रण में होती है, तब वह अर्थ अनर्थ का कारण नहीं बनता, बल्कि लोक कल्याण का साधन बनता है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपवित्र धन कभी पवित्र कार्यों में नहीं लगता और जो धन धर्मकार्य में समर्पित होता है, वह स्वयं पवित्र हो जाता है. कथा के समापन दिवस पर सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी आदि मौजूद रहे.

### गौ माता का सम्मान ही मानवता का सम्मान है : शुक्ल

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हम सबके लिए यह अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि पूज्य राजेंद्रदास महाराज के मुखारविंद से अमृतवाणी श्रवण का अवसर प्राप्त हुआ. एक ओर बसामन मामा की पुण्यभूमि, जहाँ दस हजार गौ माताओं के संरक्षण एवं संवर्धन का विशाल प्रकल्प संचालित है, और दूसरी ओर पूज्य महाराज श्री का दिव्य प्रवचन यह संगम सचमुच त्रिवेणी के समान है, जो दीर्घकाल तक समाज का कल्याण करता रहेगा. श्री शुक्ल ने कहा कि गौ माता का सम्मान ही मानवता का सम्मान है. यदि गौ माता का अपमान होगा तो मानव जाति का कल्याण संभव नहीं. उन्होंने कहा कि महाराज श्री के प्रवचनों से उन्हें गौ संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में और अधिक ऊर्जा एवं संकल्प प्राप्त हुआ है.

# समय पर अधिवक्ता जमा करें अपना मासिक शुल्क : पाण्डेय

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 फरवरी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि अधिवक्ता संघ का वर्तमान कार्यकाल 28 फरवरी को समाप्त हो जायेगा. अप्रैल माह में राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव सम्भावित है.**



अधिवक्ता संघ जिला रीवा का निर्वाचन मार्च 2026 में सम्पन्न करा लिये जायेगे. 25 फरवरी तक सभी अधिवक्ता से अपना-अपना मासिक शुल्क जमा करने की अपील है. अत: सभी अधिवक्ता इस सूचना को गंभीरता से लेवे अन्यथा उनका नाम मतादात सूची से मासिक शुल्क के अभाव में कट जायेगा. श्री पाण्डेय ने चेम्बर आवंटन के संबंध में बताया कि जिला अधिवक्ता संघ की योजना ये थी कि नये न्यायालय भवन के बार बिल्डिंग में जो अधिवक्ता कक्ष सरेंडर के अभाव में खाली रह जाते उसमें 2,50,000 रू0 प्राप्त कर सीधे उसकी एफ.डी करा दी जाय एफडी से प्राप्त होने वाले मासिक ब्याज से स्वच्छता, स्वीपर, प्रकाश व लिफ्ट के संचालन हेतु प्रति माह अधिवक्ताओं से संचित नही करना पड़ता. अधिवक्ताओं का मूलधन भी सुरक्षित रहता और बार बिल्डिंग की सभी सुविधाये संचालित होती रहती. श्री पाण्डेय ने सभी अधिवक्ताओं से अपना मासिक शुल्क जमा करने की अपील की है.

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आज

**मऊगंज, 14 फरवरी,** मुख्य सचिव द्वारा आगामी 19 फरवरी को ली जाने वाली समीक्षा बैठक के तारतंम्य में कलेक्टर संजय कुमार जैन 15 फरवरी को विभागीय योजनाओं की बैठक लेंगे. कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर शाम 4 बजे से आयोजित बैठक में विभागीय अधिकारियों को पालन प्रतिवेदन की जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं.

## संक्षिप्त



### उप मुख्यमंत्री ने शिव बाबा रथयात्रा का किया शुभारंभ

**रीवा,** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिव बाबा रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रजापिता ब्राम्हकुमारी विश्वविद्यालय आश्रम से आरंभ हुई. शिव बाबा रथयात्रा को हरी झण्डी दिखाई. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भगवान शिव संहार से साथ-साथ कल्याण के देवता हैं. भक्तों की भक्ति से शीघ्र प्रसंन्न होने वाले भगवान शिव कालों के महाकाल हैं. प्रजापिता ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिव चेतना को जगाने के लिए किये जाने वाले प्रयास सराहनीय हैं. इस संस्थान ने सामाजिक क्षेत्र में भी बढ़चढ़ कर योगदान दिया है. इस अवसर पर प्रजापिता ब्राम्हकुमारी संस्थान द्वारा उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे.

### उप मुख्यमंत्री ने दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

**रीवा,** उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने समस्त प्रदेशवासियों को पावन पर्व महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी है. उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का यह पवित्र पर्व भगवान शिव की आराधना, तप, संयम और आध्यात्मिक जागरण का प्रतीक है. यह उत्सव हमें सत्य, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बाबा महाकाल से सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की है. उन्होंने कामना की है कि यह पावन पर्व प्रदेश में खुशहाली, उन्नति और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए.

### मातृ -पितृ पूजन दिवस मनाया गया

**रीवा,** श्री योग वेदान्त सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन एवं कार्यक्रम बाल संस्कार केंद्र में सम्पन्न हुआ. सुबह 10 बजे से 12 बजे तक अमृतवेला हॉल तोपखाना, एवं शास्त्री नगर सिंधी धर्मशाला में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालन किया गया. 19 वर्षो से लगतार 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस मनाने का अभियान चलाया जा रहा है. बच्चों का माता पिता एवं गुरूजनों के प्रति आदर भाव व सम्मान से समाज में सुख, शांति व समृध्दि आयेगी. इस कार्यक्रम अभिभावकों एवं बच्चों के आंसू झलक आयें. कैलाश आहूजा ने बताया कि मातृ पितृ पूजन दिवस हमारे भारत ही नहीं बल्कि पूरे देश विदेशों में भी लोग उत्साहपूर्वक मनाया गया. साथ ही रीवा शहर, हनुमना में दुर्गा माता मंदिर, गांधी पार्क में स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित किया गया. कमलेश सचदेव, बंशीधर वाधवानी, श्रीचन्द कोटवानी, राम नारवानी, अशोक सराफ, महेश साहू, महिला समिति की अध्यक्ष मधु शिवनानी, काशी खिलवानी, दिशा लालवानी मौजूद रही.

### कोतवाली घाट पर श्रमदान

**रीवा,** नगर निगम द्वारा 'स्वच्छता यूथ कनेक्ट' पहल के अंतर्गत आज कोतवाली घाट पर विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान आयोजित किया गया. इस अवसर पर रिफॉर्म भारत स्वयंसेवी संगठन के युवाओं के साथ संयुक्त रूप से घाट परिसर की व्यापक सफाई की गई. अभियान के दौरान घाट की सीढ़ियों, किनारों एवं आसपास के क्षेत्रों में फैले प्लास्टिक, पॉलिथीन, कागज, बोतलें एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर घाट की स्वच्छता सुनिश्चित की गई. 'स्वच्छता यूथ कनेक्ट' के तहत जुड़े युवाओं ने घाट पर आने वाले नागरिकों को स्वच्छता का महत्व समझाया तथा कचरा पृथक्करण एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी दी. कार्यकम का उद्देश्य घाट परिसर को स्वच्छ बनाना, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना था.



# प्रदेश की सबसे विकसित विधानसभा स्थापित करना मेरा संकल्प : सिद्धार्थ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 फरवरी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और इसी मार्गदर्शन में मेरा संकल्प त्योंथर को प्रदेश की सबसे विकसित विधानसभा के रूप में स्थापित करना है.**

उक्त विचार त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने ग्राम पंचायत डोडिकिया के बघवारी में आयोजित 'आपकी सरकार-आपके द्वार' जनचौपाल को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. विधायक तिवारी ने क्षेत्र के ऐतिहासिक बदलावों का उल्लेख करते हुए 'विकास के चतुर्भुज' की अवधारणा को साझा किया, जिसके अंतर्गत सड़कों का अभूतपूर्व जाल, युवाओं के लिए आईटीआई कॉलेज, खेल प्रतिभाओं हेतु स्टेडियम और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भव्य रिवर फ्रंट का निर्माण किया जाएगा. उन्होंने मीर बहरी घाट पुल को क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि का प्रवेश द्वार करार देते हुए कहा कि ये कार्य सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं. हर जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम हितग्राही तक पहुँचना चाहिए.

शिविर के दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना. कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत डोड़किया की सरपंच विनीता ओझा ने किया. कौशलेश द्विवेदी जिला मंत्री प्रणेश ओझा मंडल अध्यक्ष गढ़ी समीर सिंह, रायपुर सोनौरी मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश मिश्रा, कटरा मंडल अध्यक्ष सवेंद्र शर्मा, गंगा द्विवेदी उपस्थित रहे.

# महाशिवरात्रि में आज शिवालयों में लगेगा भक्तों का तांता

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 फरवरी, महाशिवरात्रि का पर्व जिले में रविवार को धूमधाम से मनाया जायेगा. शिव मंदिरो को फूलो से जहा सजाया गया है. वही भक्तो के लिये तड़के से पट खोल दिया जायेगा. शिवालयों में दर्शन के लिये भक्तो की भीड़ उमड़ेगी.**

इसके साथ ही जगह-जगह महाशिवरात्रि का मेला भी लगेगा. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ की शिव बारात शहर में निकाली जाएगी. 551 किलो का त्रिसूल इस बार आकर्षण का केन्द्र होगा. तीन दिन से हल्दी, मेंहदी के साथ शिव बारात की तैयारी चल रही है. शहर के बैजू धर्मशाला से शिव बारात सुबह 9 बजे निकाली जाएगी.



विभिन्न मार्गो से होकर बारात निकलेगी और मुख्य कार्यक्रम पचमठा में होगा. साथ ही भंडारे का प्रसाद वितरित किया जायेगा. कोठी कम्पाउण्ड स्थित मनकामेश्वर मंदिर, किला महामृत्युंजय मंदिर, कष्टहरनाथ गुढ़, शिव मंदिर देवतालाब, सहित जिले के शिव मंदिरो में भक्तो का तांता लगेगा. साथ ही भंडारे का प्रसाद वितरित किया जायेगा.

### सात दिवसीय शिविर 17 से

**रीवा, 14 फरवरी,** यमुना प्रसाद शास्त्री महाविद्यालय सिरमौर के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष सात दिवसीय शिविर 17 फरवरी से 23 फरवरी तक ग्राम पचायत शा. पू. मा. विघालय सदहना सिरमौर मे लगाया जाऐगा. कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना प्रवीर दुबे ने बताया कि यह शिविर समन्वयक अधिकारी अभिमन्यु सिंह के दिशा निर्देश पर लगाया जा रहा है. शिविर के मार्गदर्शक यमुना प्रसाद शास्त्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी द्विवेदी होंगे.

# अब ग्राम पंचायत कुलबहेरिया करेगी नल जल योजना का संचालन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 फरवरी, हर घर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत बड़े पैमाने पर कार्य कराये जा रहे हैं.**




इनके साथ-साथ पीएचई विभाग द्वारा एकल नलजल योजनाओं के माध्यम से कम आवादी वाले गांव में नल से जल पहुंचाया जा रहा है. मऊगंज जिले में पीएचई विभाग द्वारा निर्मित एकल नलजल योजना समारोह पूर्वक ग्राम पंचायत को सौंपी गयी कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय तथा जनपद के सीईओ परमानंद तिवारी ने ग्राम के सरपंच को नलजल योजना हस्तांरित की. कार्यपालन यंत्री ने बताया कि गांव के प्रत्येक घर में नल से कनेक्शन दे दिया गया है. पानी की आपूर्ति के लिए 50 हजार लीटर की क्षमता का सम्पवेल बनाया गया है. इसमें शुद्ध पानी एकत्रित करके गांव में सुबह शाम आपूर्ति की जायेगी. नल जल योजना के संचालन और संधारण में पीएचई विभाग ग्राम पंचायत को पूरा सहयोग करेगा. जलकर की राशि का निर्धारण करके उसे ग्राम पंचायत द्वारा संकलित किया जायेगा. अब कुलबहेरिया गांव में 12 महीनें ग्रामवासियों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उनके घर के नल में ही उपलब्ध हो रहा है.

# नेत्र शिविर में 270 मरीजों को जांच उपरांत दिया गया चश्मा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 फरवरी, शनिवार को जनपद पंचायत गंगेव अध्यक्ष विकास तिवारी के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन शा.पूर्व माध्यमिक विद्यालय तिवनी चौथियान टोला में किया गया.**



इलाज की व्यवस्था सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट के विशेष डॉक्टरों की टीम द्वारा की गई. इस दौरान जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा कि अपने लोगों के बीच में कार्यक्रम करने में अलग ही आनंद आता है. जब पीड़ित लोगों की मदद होती है तब वहां आत्मीय सुख मिलता है. अपने गृह क्षेत्र में कार्यक्रम करने पर ऐसा प्रतीत होता है, जैसे आंगन में आकर सभी अपने पुराने एवं पिता तुल्य वृद्धि जनों के बीच में मुलाकात एवं सेवा भाव होती है तो एक सुखद, शुमंगल अनुभूति होती है. नेत्र रोग से परेशान 382 मरीजों ने नेत्र स्वास्थ शिविर में शामिल होकर जांच कराई हैं. जिसमें 270 मरीजों को जांच उपरांत चश्मा वितरण किया गया. 88 मरीजों को जांच उपरांत दवाई वितरण किया गया. साथ ही 22 लोगों को जांच उपरांत आपरेशन के लिए श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कून्ड चित्रकूट के लिए भेजा गया है.

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष एवं कदैला सरपंच मुकेश पटेल, विधायक प्रतिनिधि कमलेश्वर तिवारी, शैलेन्द्र तिवारी शैलू, चन्द्रमणि पटेल,बुढ़वा सरपंच बालेन्द्र शेखर पटेल, चन्द्रशेखर प्रसाद तिवारी, पुष्पराज तिवारी उपस्थित रहे.

# 101 नेत्र रोगियों को मोतियाबिन्द से किया गया मुक्त

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 फरवरी, मऊगंज सिविल अस्पताल में राष्ट्रीय अंधत्य निवारण अभियान के तहत लगातार मोतियाबिन्द के आपरेशन किये जा रहे हैं.**

सिविल अस्पताल मऊगंज में कलेक्टर संजय कुमार जैन की पहल पर आंखों के उपचार के लिए ओपीडी शुरू की गयी है. सिविल अस्पताल में पिछले एक माह में मोतियाबिन्द के 101 नि:शुल्क सफल आपरेशन करके नेत्र रोगियों को मोतियाबिन्द से मुक्त किया गया है. इस संबंध मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्लेश त्रिपाठी ने बताया कि सिविल अस्पताल में मोतियाबिन्द ग्लूकोमा टेरेजियम इंट्रोपियान तथा चेलीजियान नेत्र रोगों का नि:शुल्क उपचार किया जा रहा है. प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मण पटेल तथा डॉ. आरएस वर्मा द्वारा नेत्र रोगियों के नि:शुल्क आपरेशन किये जा रहे हैं. आज 12 नेत्र रोगियों को सफल आपरेशन के बाद नि:शुल्क चश्मा और दवाई देकर घर के लिए बिदा किया गया.

# सत्यप्रकाश तिवारी पंचायत कमेटी के अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 फरवरी, शहर कांग्रेस कमेटी रीवा के अंतर्गत ब्लॉक चिरहुला के ग्राम कोठी में पंचायत कमेटी का गठन किया गया.**

सत्यप्रकाश तिवारी को पंचायत कमेटी का अध्यक्ष चुना गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने पंचायत कमेटी के नव नियुक्त अध्यक्ष व पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि मुझे आशा है कि आप पार्टी की रीति नीति एवं सिद्धांतों के अनुसार कार्य करेंगे तथा पंचायत स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे. कार्यक्रम में रतन पटेल, लकी पटेल, रोहन पटेल, विनीत विश्वकर्मा, तेजमणि दाहिया, शुभम पटेल, पवित्र मिश्रा, संजय कुमार पटेल, हरिदर्शन गौतम मौजूद रहे.

# दिन का तापमान पहुंचा 27 डिग्री के पार, रात का 10 पर स्थिर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 फरवरी, माह के दूसरे सप्ताह से गर्मी का अहसास शुरू हो चुका है. दिन में तेज धूप के साथ रात में भी ठंड का असर कम हुआ है. पिछले तीन दिन से न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के बीच बना हुआ है.**

जबकि दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री पहुंच चुका है. आसमान में हल्के बादल लगे हुए है और बादलो के हटने के बाद ठंड बढ़ने की उम्मीद है. हालाकि महाशिवरात्रि के बाद से ठंड का असर कम जाता है. मौसम विभाग की माने तो रात की ठंड इस माह बनी रहेगी, वैसे भी होली से ठंड की विदाई हो जाती है. इस बार नवम्बर से ही कड़ाके की ठंड शुरू हो गई थी और तापमान तीन डिग्री तक पहुंच गया था. जिस तरह इस समय मौसम है वह फसलो के लिये ठीक है. हालाकि गेंहू की जो बोनी देर से हुई थी वह प्रभावित हो सकती है.

दिन का तापमान अभी 28 तक पहुंचा है उम्मीद है कि उत्तर भारत में बर्फबारी होने से ठंड हवाएं शुरू होगी और दिन के तापमान में दो से तीन डिग्री गिरावट आ सकती है. धीरे-धीरे दिन की ठंड कम होती चली जा रही है और रात में भी अब उतनी ठंड नही है जबकि सुबह ठंड रहती है. पिछले तीन दिन से जिस तरह तापमान बढ़ा है उससे गर्मी का अहसास होने लगा है. लोग एसी का उपयोग अभी से दिन में करने लगे है. बादलो के हटने के बाद तापमान गिर सकता है. शनिवार को दिन भर तेज धूप बनी रही, शाम के बाद हल्की ठंड बढ़ गई.